Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 05-11-2022 | अंक 391

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### करंट लगने से युवक गंभीर, रेफर



बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाडीह निवासी रूपेश राणा उम्र 24 वर्ष पिता तुलसी राणा करंट लगने से गंभीर हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रूपेश अपने घर के पास पलंग बना रहे थे। इसी क्रम में ग्रेंडर मशीन शॉर्ट करने से उन्हें करंट लग गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### बाराटांड मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे पूर्व विधायक मनोज यादव, बंधाया ढांढस



बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शनिवार को मृत युवक शिबू कुमार के परि. जनों से मिलने बाराटांड़ पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिबू रविदास पिता राजकरण रविदास का निधन मुंबई से आने के दौरान हो गई थी। जिसकी सूचना मिलते ही पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शनिवार को मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे साथ ही उनका ढांढस बंधाया और हर संभव मदद करने की बात कही। उन्होंने कहा की शिबू के होनहार युवक था जिसका असामयिक निधन से मैं काफी मर्माहत हूं। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही पश्चिमी जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, बिपिन सिन्हा, रितेश केशरी सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

### गुमशुदगी को लेकर थाने में दिया गया आवेदन



सतगावां थाना क्षेत्र मोचरमो निवासी शकुंतला देवी ने शनिवार की संध्या 5बजे सतगावां थाना में आवेदन देकर अपने पति धरम राज राय के गुमशुदगी को लेकर आवेदन दिया गया है। आवेदन के जरिये उन्होंने कहा पिछले 2 नवंबर को जंगल में गाय छोड़ने के लिए गए थे लेकिन पुनः वापस नहीं आए इसको लेकर हमने अपने सगे सं. बंधियों के बीच काफी खोज बिन किया गया परंतु नहीं मिल पाया है। खोजबीन को लेकर थाने में आवेदन दिया गया है। धरमराज राय टी-शर्ट और काला गमछा पहना है।

## विजैया पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, 845 लोगों ने दिया आवेदन





दीप प्रज्वलित करते किशुन यादव वा अन्य



फीता काटकर उद्घाटन करते हुए

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को विजैया पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, बीडीओ सी. आर. इंदवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बरही विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू एवं मुखिया मकीना खातून ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर में 15 वीं वित आयोग, आवास, सावित्री भाई फुले किशोरी समृद्ध योजना, ई श्रम कार्ड, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, राशन कार्ड, स्वास्थ्य, जिला आपूर्ति सहित अन्य कई स्टॉल लगाए गए। वहीं इस शिविर में कुल 845 लोगों ने आवेदन जमा किए जहां 194 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। बाकी के आवेदन प्रक्रिया में भेजी गई है। साथ ही 150 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण हुआ। साथ ही बैजलाडीह निवासी शमीम अंसारी के जमीन पर डोभा निर्माण योजना के लिए स्वीकृति पत्र भी दिया गया साथ ही नीलांबर पीताम्बर जल समृद्धि योजना के तहत 08 योजना का चयन किया गया। वहीं जेएसएलपीएस के द्वारा 26 सखी मंडल के बीच 52 लाख रुपए का ऋण वितरण किया गया। इस शिविर में आधार शुद्धिकरण का कार्य किया गया। नए राशन कार्ड लाभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना से संबंधित आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया तथा पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविर में पहुंचकर राज्य सरकार की अनेकों लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया। साथ ही आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत गुड़ियो में मध्य विद्यालय से बाबूलाल सिंह के घर तक मिट्टी मोरम पथ निर्माण योजना का शिलान्यास किया गया। मौके पर जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, बीडीओ सी.आर.इंदवार यादव, प्रमुख मनोज रजक, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, मुखिया मकीना खातून, मुखिया प्रतिनिधि मो मंसूर, उपमुखिया प्रतिनिधि सुखदेव यादव सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## 41 किसानों के बीच सरसो बीज का किया गया वितरण



कार्यक्रम में शामिल लोग



सरसों का बीज वितरण करते किशुन यादव

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड कृषि कार्यालय में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत तेलहन योजना वर्ष 2022 - 23 के रबी मौसम में बीज वितरण के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि बरही पूर्वी जीप सदस्य सह जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमुख मनोज रजक, विधानसभा विधायक प्रति. निधि छट्टू गोप, बरही पश्चिमी जीप सदस्या प्रीती कुमारी एवं बरही मध्य जीप प्रतिनिधि सह सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी आजाद सिंह, शामिल हुए। इस कार्यक्रम में शामिल अतिथियों एवं कृषि कर्मियों ने प्रति किसान दो किलो सरसो बीज का वितरण विभिन्न किसानों के बीच किया गया। इस अवसर पर जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने बताया की उन्नत किस्म के सरसों बीज उन किसानों को मुफ्त में उपलब्ध कराया जा रहा है। जिन्होंने बीज के लिए अ०नलाइन आवेदन दिया है। साथ ही उन्होंने कहा की उन्नत किस्म का सरसों बीज की ससमय बुवाई और नियमित सिंचाई करे। जिससे अत्यधिक मात्रा में इसकी उपज हो सके। लाभान्वित होने वाले किसानों में गोपाल राणा, रमजान अंसारी, मो सोबराती, प्रकाश कुमार, अशोक कुमार राणा, विनोद कुमार यादव, रमेश यादव, अशोक कुमार, मनोज कुमार, विशेश्वर यादव, मनोज मेहता, कैलाश कुमार यादव, बीरेंद्र कुमार पांडेय, तुलसी रविदास, गणेश यादव, जागेश्वर रजक, नागेश्वर कुमार, संतोष कुमार, ओमप्रकाश सिंह, देवनन्दन यादव, संतोष यादव सहित कई अन्य लोग शामिल है। मौके पर बी.टी.एम चिंताहरण पाठक, ए. टी.एम उमेश राणा, खोड़ाहर मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, केदारूत मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, जनसेवक सावना मांझी, नागेश्वर रजक एवं सोनू यादव सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

HOTEL
आकाश पैलेस
Contact No.: 9122662308 6299699176
AC/Non AC, Rest & Marriage Hall
सागर टेन्ट हाउस

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## कांग्रेस पार्टी की रानीचुंवा पंचायत में बैठक सम्पन्न, राजदेव यादव बनें अध्यक्ष व राजू बास्के सचिव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत शनिवार को बरही प्रखण्ड के रानीचुंवा पंचायत में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से राजदेव यादव को रानीचुंवा पंचायत का अध्यक्ष व राजू बास्के को सचिव बनाया गया। इस दौरान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीबों के साथ खड़ी रही है। कांग्रेस ने समाज के हर वर्ग का विकास किया है। इसकी नीतियां समाज के सभी लोगों को साथ लेकर चलने वाली है। हमारा भी यही लक्ष्य होना चाहिए हम सभी गरीब-गुरबों के साथ खड़े रहें। कांग्रेस पार्टी समाज के अंतिम छोर तक विकास की लौ पहुंचाने के प्रति संकल्पित है। मौके पर जगदीश प्रसाद यादव, राकेश रजक, मनोज मंडल, गाजो टुड्डू, महशर सोरेन, राजाराम बेसरा, बाबूलाल मुर्मू, मोहन हांसदा, राजू बास्के, अनिल सोरेन, अशोक हांसदा, परमेश्वर सिभ, चरकु सिंह, हरि सिंह, छोटी सिंह, रूपलाल सिंह, सादिक, सीताराम हांसदा, नरेश सोरेन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित की गई रन फॉर यूनिटी, बच्चो ने निकाली रैली

### राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



रन फॉर यूनिटी में शामिल बच्चे

देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यालय में उनकी जीवनी, कार्य एवं दर्शन पर आधारित भाषण, निबंध एवं खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि यह दिवस हम सभी भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर मनाते हैं। स्वतंत्रता के पश्चात भारतीय एकता के प्रतीक महान स्वतंत्रता सेनानी देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती है। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल आजादी के बाद भारत के एकीकरण में सबसे महत्वपूर्ण योगदान था। इसलिए इनका जन्मदिन राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में सुमन, प्रिया, माही, सोनी, मोनिका, दानिश, शिवम, शीतल शामिल है साथ ही अर्धवार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों में माही, प्रियांशु ,मोनिका, प्रिंस राणा, मिस्टी, प्रिंसी, जैस्मीन, विष्णु ,राजन, शिवम, छवि ,वीर, सुधांशु, आयुष,सोनू, विकास, अनु, गौरी, आर्यन, शिवम,अंकुश कौशल, आदर्श, अनंत, बंटी, अंकुश, आर्यन, करण, तमन्ना, निशु, शिवम, रिया रानी,सुहानी, शिवम, सक्षम,अंश, सिद्धार्थ आशीष एवं शिवम को मेडल देकर सम्मानित किया गया एवं दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सुजल कुमार एवं रूबी कुमारी को भी मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में दोहा गायन प्रतियोगिता का आयोजन, कृष्णा कुमार को प्रथम स्थान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




शिशु ज्ञान समिति द्वारा संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल रसोईया धमना मे सीसीए के तहत दोहा गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाद्य जिसमें कक्षा 6 से लेकर 10 वीं तक के बच्चों ने भाग लिया द्य जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने सदन गत मूल्यपरक दोहे गाकर उनके भावार्थ प्रस्तुत किए द्य विद्यार्थियों ने दोहे के व्यवहारिक एवं सामाजिक महत्व को स्पष्ट करते हुए उसके गणितीय महत्व के बारे में बताया द्य जिसे छात्रों ने पूरे सुर ताल के साथ उमंग एवं उत्साह से प्रस्तुत किया द्य प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी साहित्य कला एवं भारतीय संस्कृति के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करना तथा नैतिक व्यवहारिक मूल्यों का रोपण करना था प्रतियोगिता में कबीर दास ,सूरदास, रैदास ,रहीम एवं मीराबाई के पदों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य नितेश कुमार जी ने बच्चों को कहां की कबीर के दोहों में जीवन का सार छुपा है । इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय के निदेशक टूकलाल साहू ने कहा कि दोहे की शिक्षा आज भी प्रासंगिक है। दोहे हमारे जीवन से जुड़े होते हैं और यह हमें नई सीख देते हैंद्य इस प्रतियोगिता में कक्षा 8 से कृष्णा कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया द्य कक्षा नवम से प्रीति शम्मा ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और कक्षा 10 से नेहा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया द्यकार्यक्रम को सफल बनाने विद्यालय के सलाहकार राजेंद्र प्रसाद, सीसीए विभाग की शिक्षिका विभा शर्मा, श्वेता राजलक्ष्मी, सरिता कुमारी, कोमल कुमारी ,कल्पना कुमारी, प्रियंका कुमारी ,शिक्षक अजय कुमार ,नरेश कुमार ,अरुण कुमार, अमर कुमार ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दियाद्य

## मृतक शिबू रविदास के परिजनों से मिलने पहुंचे टीएसएस अध्यक्ष अरुण साहू

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही पूर्वी पंचायत के बाराटांड़ निवासी राजकरण रविदास के 24 वर्षीय पुत्र शिबू रविदास का निधन मुंबई से वापस घर लौटने के क्रम में हो गई थी। इस बात की सूचना मिलते ही टीएसएस अध्यक्ष अरुण साहू शनिवार को मृतक शिबू रविदास के परिजनों से मिलने पहुंचे। जहां पहुंचकर उन्होंने मृतक के परिजनों का ढांढस बंधाया साथ ही हर संभव मदद देने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिबू रविदास के पढ़ा लिखा होनहार युवक था। जिसका असामयिक निधन से परिवार वा समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। मौके पर मुखिया छोटन ठाकुर, बबलू साहू, प्रकाश दास एवं छोटी राम सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

स्वास्थ्य ही धन है !
॥ सर्वे सन्तु निरामयः ॥
हमारा प्रयास बेहतर ईलाज !!
JHNH
जीवन हेल्थ नर्सिंग होम
NH-2, लस्करी मोड़,
नियर लोक नायक फैमिली रेस्टुरेंट
रसोईया धमना, बरही - 825405 (ह.बाग)
Reg. No.- 2036000613
प्रिय सज्जनों,
अपार हर्ष के साथ आप सबों को सूचित किया जाता है कि आपके नजदीक जी.टी.रोड, लस्करी मोड़ (रसोईया धमना), बरही में जीवन हेल्थ नर्सिंग होम खुल गया है, जहाँ सभी तरह के बिमारियों का ईलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा होता है।
24/7 Emergency Services
हमारे यहाँ उपलब्ध सुविधाएँ
OXYGEN
NEBULIZER
E.C.G.
X-RAY
Computrized Lab
AMBULANCE
खाँसी, सर्दी, जुकाम, मलेरिया, टाईफाइड, डेंगू, कोविड, टी.बी., हड्डी फैक्चर, गठिया, वाद, माइग्रेन, लकवा, हड्डी दर्द, सर्वाइकल स्पोण्डोलिसिस, फ्रोजेनसोल्डर, कमर दर्द, स्कीन डिजीज इत्यादि का सफल ईलाज कुशल डॉक्टरों द्वारा किया जाता है।
नोट : हमारे यहाँ सभी तरह के ऑपरेशन एवं सुरक्षित प्रसव कुशल डॉक्टरों द्वारा किया जाता है जैसे अॅपेन्डिक्स, वाबासीर, हर्निया, हाइड्रोसिल, पथरी, बच्चेदानी इत्यादि।
नॉर्मल डिलेवरी की विशेष सुविधाएँ उपलब्ध है।
दिनांक 01 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2022 तक
डा. एम. एम. खान द्वारा प्रत्येक रविवार O.P.D. एवं Sugar (मधुमेह) जाँच Free (मुफ्त)
Dr. Rahul Kumar
MBBS.( Bangalore)
General Physician & Surgeon
Ranchi, RIIMS
Dr. M.M. Khan
MBBS.( Delhi)
DTMH (Kolkata)
Reg. No.-44230
Dr. M.M. Khan 24 Hrs Available
Dr. R. Kumar
MBBS.( Maharashtra)
General Physician & Child specialist.
Sadar Hospital, Koderma
Dr. Ajay Kr. Akela
MBBS.( Col.)
General Physician
Work Experience : PMCHB, Patna
BLOOD TEST
CBC | SUGAR | L.F.T. | K.G.T.
LIPID PROFILE | THYROID
TUBERCULOSIS | URINE R/E
STOOL R/E & OBT | ELECTROLYTES
SEMEN ANALYSIS | P.TIME
NH-2, लस्करी मोड़, नियर लोक नायक फैमिली रेस्टुरेंट, रसोईया धमना, बरही
मोबाइल : 7903856586, 9931874590

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## चिरू बरवाडीह में 31 लाख की लागत राशि से होगा शिव मंदिर का निर्माण, हुआ शिलान्यास

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


भूमि पूजन में शामिल लोग

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत एनटीपीसी कोल माइंस पकरी बरवाडीह प्रभावित क्षेत्र से विस्थापित होने के पश्चात नवस्थापित गांव जंगल की तलहटी पर बसा चिरू बरवाडीह गांव में 31 लाख रुपए लागत राशि से भव्य शिव मंदिर का निर्माण कार्य का शिलान्यास मंदिर निर्माण समिति के संरक्षक गणेश गंझू की देखरेख में किया गया है। पुजारी हिरचंद गंझू एवं पत्नी ललिता देवी ने ईट रखकर पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया। पूजा के पश्चात झंडा स्थापित किया गया। संरक्षक गणेश ने बताया कि मंदिर निर्माण 31 लाख रुपये लागत राशि से बनाया जाएगा। शिलान्यास पूजा कार्यक्रम में प्रखंड के कई विशिष्ट लोगों ने भाग लिया। जिसमें मुख्य रुप से उप. स्थित हुए जिसमें आर्यकर्ण फौंडेशन के सीएमडी रंजीत कुमार ने 50 बोरा सीमेंट, मां अंबे टाइल्स दुकान की ओर से चबूतरा निर्माण में टाइल्स एवं आरके इन्फोटेक टेक्निकल मॉल के प्रोपराइटर रूपा कुमारी के द्वारा मंदिर निर्माण में लगे इलेक्ट्रिक सामग्री सहयोग के रूप में दिया जाएगा। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से आर्यकर्ण फौंडेशन के अध्यक्ष सरोज सोनी, सचिव विनोद सिन्हा, पवन कुमार, प्रताप कुमार ,अशोक महतो, मंदिर निर्माण पूजा समिति के अध्यक्ष कमलनाथ गंझू, सचिन संजु भुइयां, कोषाध्यक्ष अशोक गंझु, उप कोषाध्यक्ष जितन गंजु, उपाध्यक्ष महेश गंजू उपसचिव रामविलास गंझू, सहसंरक्षक बॉबी गंझु, कार्यकारणी सदस्य जगरनाथ भुइयां ,,हुलास गंझू, बालेश्वर भुइयां, संयोजक रणधीर पटेल, सह संयोजक सुरेंद्र गंझू, गंगा राम, दिनेश गंझू, बालेश्वर महतो ,बंसी गंझू, विनोद गंझू, टिकेश्वर गंझू, हीरालाल गंझू, प्रदीप गंझू, राजकुमार गंझू,तिलक महतो, सुखदेव महतो, बा. सुदेव महतो, मनोज गंझू ,कीर्तन गंझू, किमो गंजू काशीनाथ गंझू, सुरेंद्र गंझू के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम एक राजनितिक ड्रामा है, नही होता समस्या का समाधान : राजेन्द्र राम

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को असफल कार्यक्रम करार देते हुए बेलाही पंचायत के फुल. वरिया निवासी राजेन्द्र राम चंद्रवंशी ने कहा कि पूरा कार्यक्रम एक राजनीतिक ड्रामा है। जनता दरबार मे समस्या का कोई समाधान नही होता सिर्फ खानापूर्ति हो रहा है। श्री चंद्रवंशी ने बताया कि जनता दरबार के पहले फेज के कार्यक्रम में लिए गए आवेदन पर अभी तक कोई पहल नही हुवा और फिर से जनता दरबार का आयोजन शुरू हो गया। जनता दरबार के नाम पर प्रखण्ड, अंचल व प्रखण्ड के लगभग विभागों के पदाधिकारियों व कर्मचारियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इनके अभाव में प्रखण्ड व अंचल कार्यालय में ताला लटका रहता है जिसके कारण आमजनो को परेशनियों का सामना करना पड़ रहा है। चौपारण बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा, बीडीओ के अलावे सीओ, सीडीपीओ सहित कई विभागों के प्रभार में है। राजस्व कर्मचारी को तीन चार हल्का के प्रभार में है। वर्तमान स्थित में सभी कर्मचारी एक महीने से हडताल पर ऐसे में जमीन से सबधित कोई कार्य नही हो पा रहा है। किसानों के जमीन सबधित कार्य बाधित है। जन्म, मृत्यु, जाती आय नही बन रहा है। जनता दरबार मे विधायक के इर्द गिर्द रहने वाले लोग ही मंच पर वि. राजमान होते है। जनता दरबार मे नेता सिर्फ अपनी नेतागिरी चमकने में व्यस्त है, जनता के कार्यो से कोई लेना देना नही है।

## गुरुग्राम पब्लिक स्कूल के छात्रावास से बर्तन समेत कई सामानों की चोरी

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


गुरुग्राम पब्लिक स्कूल का छात्रावास

विष्णुगढ़ के खरना रोड में अवस्थित गुरुग्राम पब्लिक स्कूल के छात्रावास में शुक्रवार की रात चोरी हो गई। चोर छात्रावास की चहारदीवारी फांदकर अंदर घुसे और लगे सभी बल्व को खोलकर अंधेरा कर दिया। इसके बाद छात्रावास में प्रवेश कर खाना बनाने के लिए रखे एल्युमिनियम का एक बड़ा डेग, तीन टब, एक बाल्टी, 10 दर्री समेत अन्य सामानों पर हाथ साफ कर दिया। चोर के बर्तन ले जाने के क्रम में जब एक बर्तन के गिरने की आवाज आई तो वहां सो रहे प्राचार्य सुभाष कुमार, पंकज कुमार तथा रीतलाल कुमार महतो नींद से जागे। तब तक चोर समान लेकर चंपत हो चुके थे। शनिवार को प्राचार्य सुभाष कुमार ने इसकी लिखित सूचना विष्णुगढ़ थाना को दी है, जिसमें करीब 10 हजार रुपये के सामानों को चोरी होने की बात कही गई है।

## डीवीसी की वादाखिलाफी से विस्थापितों में पनप रहा आक्रोश, आंदोलन की रणनीति तैयार

### मुफ्त बिजली, पानी, नौकरी तथा भूमि का मिले मालिकाना हक

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


बैठक में शामिल विस्थापित

विष्णुगढ़ में डीवीसी द्वारा कोनार डैम का निर्माण हुए करीब सात दशक गुजर गए। इसके बावजूद आज तक कोनार डैम के विस्थापित विस्थापन का दंश झेल रहे हैं। डीवीसी से विस्थापितों को किसी तरह की सुविधाएं उपलब्ध नहीं मिल रही है। विस्थापित गांवों की चाहे सड़क की बात हो या बिजली, पानी समेत अन्य सुविधाओं की, हर स्तर से वे उपेक्षित हैं। विस्थापन के वक्त उनकी पुश्तैनी जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया। बदले में मिली जमीन का आज तक मालिकाना हक भी नहीं मिल पाया। इन मुद्दों को लेकर विस्थापितों में आक्रोश पनपने लगा है। इसे लेकर शनिवार को कोनार डैम स्थित सीएसआर ऑफिस के पास फुटब०ल मैदान में विस्थापितों की बैठक हुई। इसमें बोकारो एवं हजारीबाग जिला के विस्थापित शामिल हुए। अध्यक्षता दामोदर घाटी विस्थापित एवं स्थानीय समन्वय समिति के केंद्रीय अध्यक्ष दिनेश्वर मंडल व संचालन सुरेश राम ने किया। केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि डीवीसी विस्थापितों के साथ छल कर रही है। अपने किए वायदों से मुकर रही है। अब सब्र का बांध टूटने लगा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि विस्थापित गांवों में मुफ्त बिजली, पानी, सिंचाई की सुविधा, जमीन का मालिकाना हक तथा नौकरी की मांगों को लेकर आगामी 7 नवंबर से सभी वैली कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन होगा। आंदोलन के क्रम में डीवीसी ऑफिस कार्य बाधित, तार काटकर विद्युत आपूर्ति बाधित तथा बोकारो जा रहे कोनार डैम के पानी को रोका जाएगा। बैठक में जीतन महतो, सोमर सिंह, शिवनाथ हेम्ब्रम, मनोज, भुनेश्वर साव, अंजू कुमारी, मंजू देवी, वीणा देवी, दिव्या देवी, शांति देवी, टेकनी देवी, सोनिया देवी, पिंकी देवी समेत कई विस्थापित मौजूद थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## प्रखण्ड व अंचल में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ लोगों में है आक्रोश : मनोज यादव

### चोरदाहा, झापा, देहर, दादपुर, चैय, बेला, चौथी आदि पंचायतों में पूर्व विधायक ने चलाया जनसम्पर्क अभियान





**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के आह्वाहन पर चौपारण भाजपा द्वारा आगामी 9 नवम्बर को प्रखण्ड मुख्यालय में आयोजित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने सघन जनसम्पर्क अभियान चलाया। इस दौरान पूर्व विधायक ने चोरदाहा, दैहर, झापा, दादपुर, चौयकलां, यवनपुर, बेला, चौथी आदि पंचायतों के दर्जनों गाँव मे पहुँच कर लोगों से आगामी धरना प्रदर्शन में सम्मिलित होने का आग्रह किया। पूर्व विधायक ने कहा कि राज्य सरकार व्याप्त भ्रष्टाचार में लिप्त है। प्रखण्ड व अंचल कार्यालय में कमीशनखोरी चरम पर है। स्थानीय विधायक के जनविरोधी नीतियों से लोगों परेशान है। पूर्व विधायक ने कहा कि हम जहां भी जा रहे है, राज्य सरकार व स्थानीय विधायक के खिलाफ लोगों में आक्रोश है। पूर्व विधायक ने कहा कि प्रखण्ड मुख्यालय में ज्यादा से ज्यादा लोग पहुँच कर सरकार का आँख खोलने का कार्य करें। इस दौरान जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, सुखदेव पासवान, भाजपा नेता रामस्वरूप पासवान, मुखिया अर्चना हेबरम, गंदौरी दाँगी, महामंत्री रामाशीष सिंह, राजकुमार यादव, सियाराम सिंह, सतेंद्र सिंह, प्रमेश्वर यादव, कृष्णा पासवान, सुखदेव साव, सुरेंद्र पांडेय, रामेशर रविदास, रामबृक्ष यादव, मुकेश राणा, अर्जुन सिंह, सचित सिंह, सुखदेव दाँगी, देवकुमार दाँगी, राहुल राणा, मुकेश कुशवाहा, मुकेश दाँगी, अशोक दाँगी, राजेन्द्र भगत, युगल चौधरी, गणेश भुइयाँ, भुनेश्वर प्रजापति, आजय रविदास, शम्भू दाँगी, अवध दाँगी, सुरेश दाँगी, केदार यादव, अशोक यादव, रामबृक्ष भुइयाँ, भोला भुइयाँ, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षित बेरोजगार शारीरिक शिक्षक संघ की बैठक की बैठक कल

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**

कोडरमा 6 नवंबर 2022 दिन रविवार को झारखंड प्रशिक्षित बेरोजगार शिक्षक संघ की राज्य स्तरीय बैठक रांची के मोराबादी मैदान में रखी गई है इस बैठक में झारखंड राज्य के सभी जिले के प्रशिक्षित बेरोजगार शिक्षक भाग लेंगे इस बैठक में मुख्य रूप से झारखंड के प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय मध्य विद्यालय उच्च विद्यालय प्लस टू विद्यालय म०डल विद्यालय कस्तूरबा विद्यालय में एक – एक शिक्षकों की नियुक्ति किया जाए एवं विश्वविद्यालय में भी शिक्षकों की नियुक्ति किया जाए तथा खेल विश्व विद्यालय की स्थापना किया जाए शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में उम्र सीमा में 10 वर्ष की छुट दिया जाए टेट परीक्षा में शामिल किया जाए एवं शारीरिक शिक्षकों के रिक्त पदों पर कट ऑफ मार्क्स कम कर पदों को भरने की चर्चा की जाएगी तथा अन्य विषय पर विचार विमर्श किया जाएगा या जानकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रभात कुमार महतो ने दी

## नासरगंज भगवती मंदिर में अखंड कीर्तन का आयोजन






**अपेम लाइव : संतगांवा**

सतगावां प्रखण्ड के नासरगंज ग्राम भगवती मंदिर में शुक्रवार से 24 घण्टे हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे,हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे नाम का अखंड कीर्तन का आयोजन धूमधाम से मनाया गया।मालूम हो की मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद आचार्य श्री श्रवण पांडेय के कर कमलों द्वारा विधि पूर्वक पूजा अर्चना कर अखंड द्वीप जलाकर अखंड की शुरुआत शुक्रवार के 1 बजे अपराह्न में किया गया जो शनिवार को 1 बजे अपराह्न तक चला जिसके बाद गांव के सभी श्रद्धालुओं के द्वारा हवन पूजन किया गया।वहीं प्रखण्ड वासियों के लिये शाम में पूड़ी, शब्जी और बुंदिया का भव्य भंडारा किया गया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेन्द्र पांडेय,शशि पांडेय,मनोज भारती, पप्पू पांडेय,चंदन पांडेय,मनोज पांडेय,पवन कुमार,विकास कुमार,रतन पांडेय, रामस्वरूप पांडेय,उपेंद्र कुमार,देवी पांडेय,कुंदन पांडेय,अमित कुमार ,सनोज कुमार आदि लगे थे।मौके पर सन्नी पांडेय,राजेन्द्र साव,महेंद्र साव,उमा साव,उमेश साव,सोनू कुमार,बसन्त कुमार,राहुल पांडेय प्रणव मुरारी, भून सिंह,प्रभाकर सिंह ,रोहित दुबे समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।




